Series : **B**

# 2824

# GEOGRAPHY

प्रश्न–पुस्तिका क्रम संख्या
Question Booklet Sl. N

7513738

अनुक्रमांक
Roll No. | 5 | 7 | 3 | 5 | 6 | 7 |

परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक दिए गए खानों में लिखें।
Candidate should write Roll No. in the given boxes.

मुद्रित पृष्ठों की संख्या/No. of Printed Pages : **48**

कुल प्रश्नों की संख्या/Total No. of Questions : 15

समय/Time : **3 घण्टे/Hours**

पूर्णांक/Total Marks : 60

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस प्रश्न–पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें, कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुअ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश, आदि **न** हो। यदि ऐसा है, तो वीक्षक से तत्काल संपर्क कर प्रश्न–पुस्तिका बदल लेवें।
2. इस प्रश्न–पुस्तिका में **भूगोलशास्त्र** से संबंधित कुल **150** प्रश्न हैं। सभी प्रश्न हिन्दी तथा अंग्रेज़ी भाषा में हैं। **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।
3. प्रदत्त उत्तर–पत्र (ओ.एम.आर. शीट) पर दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा अपने उत्तर तदनुसार अंकित करें।
4. कृपया उत्तर–पत्र (ओ.एम.आर. शीट) पर निर्धारित स्थानों पर आवश्यक प्रविष्टियाँ करें, अन्यत्र स्थानों पर नहीं।
5. परीक्षार्थी सभी रफ़ कार्य प्रश्न–पुस्तिका के अंतिम पृष्ठों पर निर्धारित स्थान पर ही करें, अन्यत्र कहीं नहीं तथा उत्तर–पत्र (ओ.एम.आर. शीट) पर भी नहीं।
6. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेज़ी रूपांतरों में से हिन्दी रूपांतर को मानक माना जाएगा।

## INSTRUCTIONS TO THE CANDIDATES

1. Immediately after the commencement of the examination, you should check that this Question Booklet ***does not*** have any unprinted or torn or missing pages or items etc. If so, immediately contact the Invigilator and get it replaced with another Question Booklet.
2. This Question Booklet contains Total **150** questions of concerned **Geography** subject. **All** questions are in Hindi and English languages. **All** questions are compulsory.
3. Read carefully the instructions given on the Answer Sheet (OMR) supplied and indicate your answers accordingly.
4. Kindly make necessary entries on the Answer Sheet (OMR) at the places indicated and nowhere else.
5. Examinee should do all rough work on the space meant for rough work on pages given at the end of the Question Booklet and nowhere else, not even on the Answer Sheet (OMR).
6. If there is any sort of mistake either of printing or of factual nature in any question, then out of the Hindi and English versions of the question, the Hindi version will be treated as standard.

## द्वितीय प्रश्न–पत्र
## भूगोलशास्त्र

**1.** 1. आर्थर होम्स ने वर्षावॉश और वायु के कार्यों जो कि अपरदन से सम्बन्धित होते हैं, को अपक्षय की क्रिया से अलग कर दिया था ।

2. बी. डब्ल्यू. स्पार्क्स के अनुसार, पृथ्वी की सतह पर प्राकृतिक कारकों द्वारा चट्टानों के यांत्रिक विखंडन या रासायनिक अपघटन को अपक्षय के रूप में जाना जाता है ।

दिये गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए।

(A) केवल 1 सही है

(B) केवल 2 सही है

(C) दोनों 1 एवं 2 सही हैं

(D) दोनों 1 एवं 2 सही नहीं हैं

**2.** अपदलन के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथन दिए गए है ।

1. अपदलन परिणाम है, अपक्षय की प्रक्रिया नहीं ।

2. यह क्रिस्टलीय चट्टानों पर अधिक होता है ।

3. जिन चट्टानों में तापीय चालकता कम होती है, उनमें अधिक होता है ।

दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिए ।

(A) केवल 1 एवं 2 सही हैं

(B) केवल 1 एवं 3 सही हैं

(C) केवल 2 एवं 3 सही हैं

(D) सभी 1, 2 एवं 3 सही हैं

**3.** 1. दाबमुक्ति के द्वारा चट्टान के ऊपरी भाग में लम्बवत चटकन होती हैं, इसे चादरी विभाजन कहते हैं ।

2. जब चट्टान के बाहरी एवं निचले आवरण विभिन्न दरों से गर्म होते हैं, तब फ्लेकिंग की क्रिया होती है ।

दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिए ।

(A) केवल 1 सही है

(B) केवल 2 सही है

(C) दोनों 1 एवं 2 सही हैं

(D) दोनों 1 एवं 2 सही नहीं हैं

**4.** भूसन्नतियों के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथन दिए गए हैं ।

1. डाना ने पहली बार भूसन्नति शब्द का प्रयोग किया था ।

2. हाल ने सर्वप्रथम वलित पर्वतों एवं भूसन्नतियों के सम्बन्धों की व्याख्या की थी ।

3. टेथिस भूसन्नति का विस्तार केवल एशिया और यूरोप में था ।

दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिए ।

(A) केवल 1 एवं 2 सही हैं

(B) केवल 1 एवं 3 सही हैं

(C) केवल 2 एवं 3 सही हैं

(D) सभी 1, 2 एवं 3 सही हैं

## PAPER – II
## GEOGRAPHY

**1.** 1. Arthur Holmes separated the actions of rainwash and wind, which are associated with erosion from the process of weathering.

2. According to B.W. Sparks mechanical fracturing or chemical decomposition of rocks by natural agents at the earth's surface is known as weathering.

Select the correct answer using the code given below.

(A) Only 1 is correct
(B) Only 2 is correct
(C) Both 1 and 2 are correct
(D) Both 1 and 2 are not correct

**2.** Following statements are given regarding exfoliation.

1. Exfoliation is a result, not weathering process.
2. This is more common in crystalline rocks.
3. It occurs more in rocks that have low thermal conductivity.

Select correct answer from code given below.

(A) Only 1 and 2 are correct
(B) Only 1 and 3 are correct
(C) Only 2 and 3 are correct
(D) All 1, 2 and 3 are correct

**3.** 1. Vertical cracking occurs in the upper part of the rock due to pressure release, this is called sheeting.

2. Differential heating of outer and lower shells of a rock mass causes flaking.

Select the correct answer using the code given below.

(A) Only 1 is correct
(B) Only 2 is correct
(C) Both 1 and 2 are correct
(D) Both 1 and 2 are not correct

**4.** The following facts are given about the geosynclines.

1. Dana first coined the term geosyncline.
2. Hall was the first to explain the relationship between folded mountains and geosynclines.
3. Tethys geosyncline extended across Asia and Europe only.

Select the correct answer using the code given below.

(A) Only 1 and 2 are correct
(B) Only 1 and 4 are correct
(C) Only 2 and 3 are correct
(D) All 1, 2 and 3 are correct

5. 1. ग्लेशियल टिलाइट पुरा जलवायु और महाद्वीपों के प्रवाह के भी स्पष्ट प्रमाण प्रदान करता है ।

2. गौंडवाना प्रकार के तलछटों की समानता स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि इन भूभागों का इतिहास उल्लेखनीय रूप से समान था ।

3. वेगनर का मानना था कि ध्रुव पलायन बल के कारण महाद्वीपों का प्रवाह हुआ था ।

दिये गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए ।

(A) केवल 1 एवं 2 सही हैं
(B) केवल 1 एवं 3 सही हैं
(C) केवल 2 एवं 3 सही हैं
(D) सभी 1, 2 एवं 3 सही हैं

6. 'पिलबारा' लौह अयस्क भंडार का क्षेत्र निम्नलिखित में से किस देश में स्थित है ?

(A) चीन
(B) ब्राजील
(C) दक्षिण अफ्रीका
(D) आस्ट्रेलिया

7. वेबर ने अपने औद्योगिक स्थान सिद्धांत में निम्नलिखित में से किस धारणा पर विचार **नहीं** किया था ?

(A) बाजार में कोई पूर्ण प्रतिस्पर्धी नहीं है
(B) वहाँ श्रमिक स्थिर है और क्षेत्र में एक समान मजदूरी है
(C) क्षेत्र में समाजिक-आर्थिक और राजनीतिक वातावरण में एक रूपता और स्थिरता है
(D) उद्योगपति और मजदूर तर्क संगत और आर्थिक रूप से व्यवहारिक है

8. तौफीक (Taufic)बन्दरगाह स्थित है

(A) लाल सागर
(B) काला सागर
(C) कॅस्पियन सागर
(D) अरब सागर

9. लॉश के लाभ के अधिकतम सिद्धान्त के सम्बंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

1. औद्योगिक स्थान की विशेषता एकाधिकार प्रतिस्पर्धा की स्थितियों से होती है
2. किसी उद्योग के स्थान में मांग को सबसे महत्वपूर्ण चर माना जाता है

(A) 1 और 2 दोनों
(B) केवल 1
(C) केवल 2
(D) ना तो 1 न ही 2

10. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प 'फुटलूज' उद्योग के संदर्भ में सही **नहीं** है ?

(A) ये किसी विशिष्ट कच्चे माल, वजन-ह्रास या अन्य किसी वस्तु पर निर्भर नहीं है
(B) ये बड़ी मात्रा में उत्पादन करते हैं और बड़ी श्रम शक्ति को रोजगार देते हैं
(C) ये आमतौर पर प्रदूषण फैलाने वाले उद्योग नहीं है
(D) इनके अवस्थिति का महत्वपूर्ण कारक सड़क नेटवर्क द्वारा सहज पहुँच है

5. 1. The glacial tillite provides unambiguous evidence of palaeoclimates and also of the drifting of continents.
2. The resemblance of the Gondwana type sediments clearly demonstrate that these landmasses had remarkably similar histories.
3. Wegener believed that the movement of the continents was caused by pole-fleeing force.

Select the correct answer using code given below.

(A) Only 1 and 2 are correct
(B) Only 1 and 3 are correct
(C) Only 2 and 3 are correct
(D) All 1, 2 and 3 are correct

6. The 'Pilbara' iron ore reserve area is situated in which of the following country ?

(A) China
(B) Brazil
(C) South Africa
(D) Australia

7. Which of the following assumption was **not** considered by Weber in his industrial location theory ?

(A) There is no perfect competition in the market
(B) The labour is static and the wages are uniform in the region
(C) There is uniformity and stability in the socio-economic and political environment in the region
(D) The industrialist and the labourers are rational and economically practical

8. Taufic harbour is located

(A) Red Sea
(B) Black Sea
(C) Caspian Sea
(D) Arabian Sea

9. Regarding the Losch 'principle of profit maximization' which of the following statements is correct ?

1. Industrial location is characterised by conditions of monopolistic competition.
2. Demand is considered to be the most important variable in the location of an industry.

(A) Both 1 and 2
(B) Only 1
(C) Only 2
(D) Neither 1 nor 2

10. Which of the following is **not** correct about 'foot loose' industries ?

(A) They are not dependent on any specific raw material, weight losing or otherwise
(B) They produce in large quantity and also employ a large labour force
(C) These are generally not polluting industries
(D) The important factor in their location is accessibility by road network

**11.** इनमें कौन-सा मानचित्र बृहत मापनी पर बना होता है ?

(A) स्थलाकृतिक पत्रक

(B) भौतिक मानचित्र

(C) एटलस

(D) दीवार मानचित्र

**12.** निकटतम पड़ोसी विश्लेषण में, R या Rn का मान स्थानिक वितरण प्रतिरूप को मापता है, जिसमें –

1. यह मान 0 से 2.15 तक होता है ।
2. शून्य के निकट मान समान प्रतिरूप को इंगित करता है ।
3. यह 1.0 के निकट यादृच्छिकता व्यक्त करता है ।
4. यह 2.15 के निकट समूहन या पुंजित प्रतिरूप को इंगित करता है ।

दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

(A) केवल 1 एवं 3 सही हैं

(B) केवल 1, 2 एवं 3 सही हैं

(C) केवल 2, 3 एवं 4 सही हैं

(D) सभी 1, 2, 3 एवं 4 सही हैं

**13.** क्लाइमोग्राफ में स्कॉर्चिंग की स्थिति कहाँ पर होती है ?

(A) उत्तर-पश्चिम

(B) उत्तर-पूर्व

(C) दक्षिण-पश्चिम

(D) दक्षिण-पूर्व

S m
K R

**14.** 1. वास्तव में सन्दर्श प्रक्षेप, प्रक्षेपण के शाब्दिक अर्थ को सार्थक करते हैं ।

2. असन्दर्श प्रक्षेप गणितीय विधियों पर आधारित होते हैं ।

दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

(A) केवल 1 सही है

(B) केवल 2 सही है

(C) 1 एवं 2 दोनों सही है

(D) 1 एवं 2 दोनों सही नहीं है

**15.** मालवीड प्रक्षेपण के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(A) यह एक यथाकृतिक प्रक्षेप है

(B) भूमध्यरेखा मापक के अनुसार शुद्ध होती है

(C) मालवीड प्रक्षेप समक्षेप प्रक्षेप नहीं है

(D) अक्षांशों के समानान्तर सीधी रेखाएं भूमध्यरेखा के समानान्तर होते हैं, लेकिन समदूरस्थ नहीं होते

**16.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक स्थानीय ठंडी हवा **नहीं** हैं ?

(A) बाइस

(B) बुरान

(C) पुर्गा

(D) जोंड़ा

**17.** वायुराशियों में यांत्रिक परिवर्तन के सम्बन्ध में निम्नलिखित कारक दिए गए हैं ।

1. भँवर ।
2. अभिसरण एवं अपसरण ।
3. वायु के अवतलन तथा धरातल पर क्षैतिज प्रसरण ।
4. वायु के उत्थापन तथा धरातलीय सतह पर वायु का अभिसरण ।

दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए ।

(A) केवल 1, 2 एवं 3 सही हैं

(B) केवल 1, 2 एवं 4 सही हैं

(C) केवल 2, 3 एवं 4 सही हैं

(D) सभी 1, 2, 3 एवं 4 सही हैं

11. Which of the following maps is made on a large scale ?

(A) Topographical sheet

(B) Physical map

(C) Atlas

(D) Wall map

12. In nearest neighbour analysis, the value of R or Rn measures the spatial distribution pattern wherein :

1. This value ranges from 0 to 2.15.
2. A value near zero indicates uniform pattern.
3. A value near 1.0 indicates randomness.
4. A value near 2.15 represents a clustered or agglomerated pattern.

Select the correct answer from given code :

(A) Only 1 and 3 are correct

(B) Only 1, 2 and 3 are correct

(C) Only 2, 3 and 4 are correct

(D) All 1, 2, 3 and 4 are correct

13. Where is the scorching position on a climograph ?

(A) North-West

(B) North-East

(C) South-West

(D) South-East

14. 1. In fact, perspective projection fulfill the literary meaning of projection.
2. Non-perspective projection are based on mathematical methods.

Select the correct answer from given code :

(A) Only 1 is correct

(B) Only 2 is correct

(C) Both 1 and 2 are correct

(D) Both 1 and 2 are not correct

15. Which of the following statements is correct regarding Mollweide projection ?

(A) It is an orthomorphic projection

(B) It is accurate according to the equatorial scale

(C) Mollweide projection is not a true perspective projection

(D) The parallels of latitudes are straight lines parallel to the equator but are not equi-spaced.

16. Which one of the following is **not** a local cold wind ?

(A) Bise

(B) Buran

(C) Purga

(D) Zonda

17. The following causes are given regarding the mechanical modification in the airmasses.

1. Eddics.
2. Convergence and divergence.
3. Subsidence of air and lateral expansion on the ground surface.
4. Lifting of air and convergence of air at the ground surface.

Select correct answer from given code.

(A) Only 1, 2 and 3 are correct

(B) Only 1, 2 and 4 are correct

(C) Only 2, 3 and 4 are correct

(D) All 1, 2, 3 and 4 are correct

18. इनमें से कौन–सा क्षेत्र उत्तरी अमेरिका में वाताग्रजनन के प्रमुख क्षेत्रों में सम्मिलित **नहीं** है ?

(A) सियरा नेवादा पर्वत श्रेणियों के पश्चिम का क्षेत्र

(B) कनाडियन रॉकी पर्वतों के पूर्व वाला क्षेत्र

(C) पूर्वी कोलोराडो का क्षेत्र

(D) बृहद् झील क्षेत्र

19. शीतोष्ण चक्रवातों की निम्नलिखित में से कौन-सा एक विशेषता है ?

(A) ये चक्रवात सामान्यत: पश्चिम से पूर्व की ओर अग्रसर होते हैं

(B) केन्द्र में वायुदाब 650 मिलीबार से भी कम हो जाता है

(C) इनकी गति सामान्यत: उष्णकटिबंधीय चक्रवातों से अधिक होती है

(D) उत्पन्न होने के बाद ये पश्चिम की ओर अग्रसर होते है

20. थार्नथ्वेट के 1948 के संशोधित जलवायु वर्गीकरण में जलवायु प्रदेशों के सीमा निर्धारण का आधार था

(A) वनस्पति

(B) सम्भाव्य वाष्पीकरण वाष्पोत्सर्जन

(C) आर्द्रता

(D) तापमान

21. जेनकिन्स के लवणता वर्गीकरण के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा सागर सामान्य से अधिक लवणता वाला हैं ?

(A) अण्डमान सागर

(B) बेरिंग सागर

(C) जापान सागर

(D) लाल सागर

22. सागरीय जल में कितनी गहराई के नीचे दैनिक तापान्तर **नहीं** पाया जाता है ?

(A) 6 फुट

(B) 10 फुट

(C) 15 फुट

(D) 30 फुट

23. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए ।

| **सूची – I (ज्वार भाटा की उत्पत्ति का सिद्धांत)** | **सूची – II (प्रतिपादक)** |
|---|---|
| a. गतिक सिद्धांत | 1. आर. ए. हैरिस |
| b. संतुलन सिद्धांत | 2. विलियम ह्वेवेल |
| c. प्रगामी तरंग सिद्धांत | 3. न्यूटन |
| d. स्थैतिक तरंग सिद्धांत | 4. लाप्लास |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (B) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (C) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (D) | 4 | 3 | 2 | 1 |

24. यदि किसी स्थान पर उच्च ज्वार सायंकाल 4 बजे आता है, तो ठीक उसी स्थान पर अगला उच्च ज्वार कब आयेगा ?

(A) सायं 4:52 बजे

(B) प्रात: 4:52 बजे

(C) सायं 4:26 बजे

(D) प्रात: 4:26 बजे

18. Which of the following regions is **not** included in the major areas of frontogenesis in North America ?

(A) Area west of Sierra Nevada mountain range

(B) Area east of Canadian Rocky mountains

(C) Eastern Colorado region

(D) Great lakes region

19. Which one of the following is a characteristic of a temperate cyclone ?

(A) These cyclones generally move from west to east

(B) Air pressure in the centre falls below 650 millibars

(C) Generally their speed is more than that of tropical cyclones

(D) After origin they move towards west

20. In Thornthwaite's revised climatic classification of 1948, the basis for demarcating climatic regions was

(A) Vegetation

(B) Potential evapotranspiration

(C) Humidity

(D) Temperature

21. According to Jenkins's salinity classification, which of the following seas has more than normal salinity ?

(A) Andaman sea

(B) Bering Sea

(C) Japan sea

(D) Red sea

22. Below what depth in sea water, diurnal range of temperature is **not** found ?

(A) 6 feet

(B) 10 feet

(C) 15 feet

(D) 30 feet

23. Match the list – I with list – II and choose the correct answer from the code given below :

| **List – I (Tides origin Theory)** | **List – II (Proponent)** |
|---|---|
| a. Dynamical Theory | 1. R. A. Harris |
| b. Equilibrium Theory | 2. William Whewell |
| c. Progressive Wave Theory | 3. Newton |
| d. Stationary Wave Theory | 4. Laplace |

**Code:**

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (B) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (C) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (D) | 4 | 3 | 2 | 1 |

24. If high tide at a place occurs at 4 p.m., when will the next high tide occur at the same place ?

(A) 4:52 p.m.

(B) 4:52 a.m.

(C) 4:26 p.m.

(D) 4:26 a.m.

**25.** निम्नलिखित में से कौन ठंडी महासागरीय धाराएँ हैं ?

1. हम्बोल्ट
2. ओयाशियो
3. कुरोशियो
4. बेंगुएला

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए ।

(A) केवल 1, 2 एवं 3 सही हैं
(B) केवल 1, 2 एवं 4 सही हैं
(C) केवल 2, 3 एवं 4 सही हैं
(D) सभी 1, 2, 3 एवं 4 सही हैं

**26.** विन्ध्याचल श्रेणी के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा तथ्य सही **नहीं** है ?

(A) इसकी औसत ऊँचाई 500 मीटर और अधिकतम ऊँचाई 881 मीटर है
(B) इसके पश्चिमी भाग में भाण्डेर तथा कैमूर की श्रेणियाँ स्थित है
(C) विन्ध्याचल श्रेणी नर्मदा-सोन नदियों के उत्तर में है
(D) गनूरगढ़ के पश्चिम में यह श्रेणी लावा चट्टानों से निर्मित है

**27.** मध्यप्रदेश में लाल एवं पीली मिट्टी के सम्बन्ध में इनमें से कौन-सा कथन सही है ?

(A) इस मिट्टी में ह्यूमस की मात्रा अधिक होती है
(B) इसमें नाइट्रोजन एवं पोटाश की मात्रा अधिक होती है
(C) इस मिट्टी में क्षारीयता बहुत कम होती है
(D) यह मिट्टी मण्डला, शहडोल, बालाघाट जिलों में पाई जाती है

**28.** इनमें से किस नदी-समूह का प्रवाह क्षेत्र दो राज्यों में है ?

(A) कोपरा, बेतवा एवं दुधी
(B) केन, तवा एवं देहर
(C) बेतवा, धसान एवं केन
(D) धसान, बेतवा एवं बेबस

**29.** इनमें से कौन-सा युग्म सही सुमेलित **नहीं** है ?

| | **(अनाज)** | | **(प्रमुख उत्पादक जिले, 2020 – 21)** |
|---|---|---|---|
| (A) | धान | – | शाजापुर, आगर मालवा |
| (B) | बाजरा | – | मुरैना, भिण्ड |
| (C) | ज्वार | – | भिण्ड, ग्वालियर |
| (D) | मक्का | – | छिंदवाड़ा, सिवनी |

**30.** सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए ।

| **सूची – I (सिंचाई परियोजना)** | **सूची – II (नदी बेसिन)** |
|---|---|
| a. सम्राट अशोक | 1. वैनगंगा |
| b. सुक्ता | 2. सिंध |
| c. थांवर | 3. नर्मदा |
| d. राजघाट | 4. बेतवा |

**कूट :**

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (B) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (C) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (D) | 2 | 4 | 1 | 3 |

**31.** निम्नलिखित में से किसने सबसे पहले वृत्त को 360 डिग्री में विभाजित किया था ?

(A) अनेक्सीमैण्डर
(B) हिकेटियस
(C) इरेटॉस्थनीज़
(D) हिप्पारकस

**32.** प्रकृति में अन्योन्याश्रित एकता की संकल्पना को कहते हैं

(A) सोरॉश
(B) अर्डबेसक्रिबंग
(C) लोप नोर
(D) जुसामेनहैंग

25. Which of the following are cold oceanic currents ?
1. Humboldt
2. Oyashio
3. Kuroshio
4. Benguela

Select the correct answer from the code given below.
(A) Only 1, 2 and 3 are correct
(B) Only 1, 2 and 4 are correct
(C) Only 2, 3 and 4 are correct
(D) All 1, 2, 3 and 4 are correct

26. Which of the following statements is **not** correct about the Vindhyachal range ?
(A) Its average height is 500 meters and maximum height is 881 meters
(B) Bhander and Kaimur ranges are situated in its western part
(C) Vindhyachal range is located to the north of Narmada-Son rivers
(D) To the west of Ganurgarh, this range is made of lava rocks

27. Which of these statements is correct about the red and yellow soil of Madhya Pradesh ?
(A) This soil has high humus content
(B) It contains high amount of nitrogen and potash
(C) Alkalinity is very low in this soil
(D) This soil is found in Mandla, Shahdol, Balaghat districts

28. Which of these river – groups has drainage area in two states ?
(A) Kopra, Betwa and Dudhi
(B) Ken, Tawa and Dehar
(C) Betwa, Dhasan and Ken
(D) Dhasan, Betwa and Bebas

29. Which of the following pair is **not** correctly matched ?

| | **(Cereals)** | | **(Major producing districts, 2020 – 21)** |
|---|---|---|---|
| (A) | Paddy | – | Shajapur, Agar Malwa |
| (B) | Bajra | – | Morena, Bhind |
| (C) | Jowar | – | Bhind, Gwalior |
| (D) | Maize | – | Chhindwara, Seoni |

30. Match List – I with List – II and select the correct answer from the code given below.

| | **List – I (Irrigation project)** | | **List – II (River Basin)** |
|---|---|---|---|
| a. | Samrat Ashok | 1. | Wainganga |
| b. | Sukta | 2. | Sindh |
| c. | Thanwar | 3. | Narmada |
| d. | Rajghat | 4. | Betwa |

**Code :**

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (B) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (C) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (D) | 2 | 4 | 1 | 3 |

31. Who among the following was first to divide the circle into 360 degrees ?
(A) Anaximander
(B) Hecataeus
(C) Eratosthenes
(D) Hipparchus

32. The concept of interdependent unity in nature is called
(A) Soroche
(B) Erdbeschreibung
(C) Lop Nor
(D) Zusammenhang

**33.** सांस्कृतिक परिदृश्य (लैंडस्केप) की अवधारणा प्रस्तुत करने वाला प्रथम जर्मन भूगोलवेत्ता कौन था ?

(A) फ्रेडरिक रैटज़ेल

(B) वॉन रिचथोफेन

(C) अल्फ्रेड हेटनर

(D) कार्ल रिटर

**34.** "मानव एक भौगोलिक दूत है, पशु नहीं है ।" यह कथन निम्नलिखित में से किस विचारक से सम्बन्धित है ?

(A) जीन ब्रून्स

(B) इसा बोमेन

(C) ला फैव्बरे

(D) विडाल डी ला ब्लाश

**35.** प्रत्यक्षवाद के सम्बन्ध में दिए गए कथनों का अवलोकन कीजिए और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए ।

1. यह तथ्यों और मूल्यों में भेद व्यक्त करने वाली सोच है ।
2. इसे अनुभववाद भी कहा जाता है ।
3. इसमें ज्ञान का आधार तथ्य होता है।
4. प्रत्यक्षवाद और आदर्शवाद एक दूसरे के पर्याय हैं ।

**कूट :**

(A) केवल 1, 2 एवं 4 सही हैं

(B) केवल 2, 3 एवं 4 सही हैं

(C) केवल 1, 2 एवं 3 सही हैं

(D) सभी 1, 2, 3 एवं 4 सही हैं

**36.** जनसांख्यिकीय संक्रमण सिद्धान्त क्या है ?

(A) एक सिद्धान्त जो बताता है कि जनसंख्या किस प्रकार तेज़ी से बढ़ती है

(B) समय के साथ जन्म और मृत्यु दर में परिवर्तन की व्याख्या करने वाला मॉडल

(C) एक सिद्धान्त जो अनियन्त्रित जनसंख्या वृद्धि का समर्थन करता है

(D) भविष्य में जनसंख्या में गिरावट की भविष्यवाणी करने वाला मॉडल

**37.** पी. सेनगुप्ता ने भारत के जनसंख्या संसाधन प्रदेशों का वर्गीकरण किस आधार पर किया है ?

(A) जनांकिकीय संरचना

(B) संसाधन भण्डार

(C) सामाजिक-आर्थिक विकास के स्तर

(D) उपरोक्त सभी

**38.** दुनिया के जनसंख्या संसाधन क्षेत्रीयकरण की एकरमैन की योजना के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा एक प्रमुख जनसंख्या संसाधन क्षेत्र **नहीं** है ?

(A) यू. एस. प्रकार

(B) यूरोपीय प्रकार

(C) एशिया प्रकार

(D) चीन प्रकार

**39.** जे. ई. स्वोर्टज़बर्ग के भारत के सांस्कृतिक प्रदेशों के विभाजन के अनुसार, राजस्थान किस सांस्कृतिक प्रदेश के अन्तर्गत आता है ?

(A) पश्चिमी इंडिक प्रदेश

(B) मुख्य इंडिक प्रदेश

(C) पहाडी इंडिक प्रदेश

(D) पूर्वी इंडिक प्रदेश

33. Who was the first German Geographer to have formulated the concept of cultural landscape ?
(A) Friedrich Ratzel
(B) Von Richthofen
(C) Alfred Hettner
(D) Carl Ritter

34. "Man is a geographical agent and not the beast", this statement is related to which of the following thinker ?
(A) Jean Brunhes
(B) Ishaiah Bowman
(C) La Favbere
(D) Vidal De La Blache

35. Observe the statements given about the positivism and choose the correct answer from the code given below.
1. This view distinguishes between facts and values.
2. It is also called empiricism.
3. In this, the basis of knowledge is facts.
4. Positivism and idealism are synonymous with each other.

**Code :**
(A) Only 1, 2 and 4 are correct
(B) Only 2, 3 and 4 are correct
(C) Only 1, 2 and 3 are correct
(D) All 1, 2, 3 and 4 are correct

36. What is demographic transition theory ?
(A) A theory that describes how population grows exponentially
(B) A model explaining changes in birth and death rates over time
(C) A theory that supports uncontrolled population growth
(D) A model predicting population decline in the future

37. On what basis has P. Sengupta classified the population resource regions of India ?
(A) Demographic Structure
(B) Resource Stock
(C) Level of socio-economic development
(D) All of the above

38. According to Ackerman's scheme of population-resource regionalization of the world, which one of the following is **not** a population resource region ?
(A) U.S. type
(B) European type
(C) Asia type
(D) China type

39. According to J. E. Swortzberg's division of cultural regions of India, Rajasthan falls under which cultural region ?
(A) Western Indic region
(B) Main Indic region
(C) Hill Indic region
(D) East Indic region

40. निम्नलिखित में से कौन-सा नगरीय क्षेत्र को सबसे अच्छी तरह से परिभाषित करता है ?

(A) शहरी बस्ती से सटा हुआ ग्रामीण क्षेत्र

(B) शहरी बस्ती के आसपास का क्षेत्र जो क्षेत्रीय केन्द्र के रूप में कार्य करता है

(C) एक ऐसा शहर जिसका आस-पास का कोई प्रभाव न हो

(D) ऐसा क्षेत्र जहाँ केवल एक ही कार्य हावी हो, जैसे कृषि

41. निम्नलिखित में से कौन-सी वायुमण्डलीय गैस परिवर्तनशील गैस की श्रेणी में आती है ?

(A) ऑक्सीजन

(B) ओज़ोन

(C) आर्गन

(D) नाइट्रोजन

42. बाह्य मण्डल के सम्बन्ध में इनमें से कौन-सा कथन सही है ?

(A) इसका विस्तार वायुमण्डल में समुद्र तल से 80 किमी से 640 किमी तक होता है

(B) इसमें वान अलेन रेडिएशन बेल्ट स्थित होता है

(C) यह परत सूर्यास्त के समय लुप्त हो जाती है

(D) इसकी एक परत मध्यम एवं उच्च आवृत्ति की रेडियो तरंगों को पृथ्वी पर वापिस परावर्तित करता है

43. शीतकाल में पृथ्वी पर तापमान के कालिक क्षैतिज वितरण के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथन दिए गए हैं ।

1. जनवरी में, समताप रेखाएँ उत्तरी गोलार्ध में तीव्र प्रवणता प्रदर्शित करती हैं ।

2. जनवरी में, समताप रेखाएँ उत्तरी अटलांटिक महासागर में दक्षिण की ओर झुक जाती हैं, जबकि पूर्वी यूरोप पर ये रेखाओं उत्तर की ओर झुकी हुई होती हैं ।

दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए ।

(A) केवल 1 सही है

(B) केवल 2 सही है

(C) 1 एवं 2 दोनों सही हैं

(D) 1 एवं 2 दोनों सही नहीं हैं

44. वायुदाब के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही **नहीं** है ?

(A) वायुमंडलीय दाब का प्रयोग सदैव सापेक्ष रूप में किया जाता है, निरपेक्ष रूप में नहीं

(B) विश्व में सर्वाधिक वायुदाब साइबेरिया के अगाता में अंकित किया गया था

(C) दक्षिणी गोलार्ध में अफ्रीका एवं आस्ट्रेलिया के दक्षिण में वायुदाब रेखाएँ अक्षांश रेखाओं के समानांतर रहती हैं

(D) वायुदाब समुद्रतल पर न्यूनतम होता है

40. Which of the following best defines a city region ?

(A) A rural area adjacent to an urban settlement

(B) An area that surrounds an urban settlement which functions as the regional centre

(C) A single city with no surrounding influence

(D) A region where only one function dominates, such as agriculture

41. Which of the following atmospheric gasses comes under the category of variable gases ?

(A) Oxygen

(B) Ozone

(C) Argon

(D) Nitrogen

42. Which of the following statements is correct regarding the exosphere ?

(A) It extends from 80kms to 640 kms above sea level in the atmosphere

(B) Van Allen radiation belt is located in it

(C) This layer disappears with the sunset

(D) A layer of it reflects medium and high frequency radio waves back to the earth

43. The following statements are given regarding the seasonal horizontal distribution of temperature on the earth during winter.

1. In January, isotherms denote a steep temperature gradient in the northern hemisphere.

2. In January, the isotherms bend toward the south in the north Atlantic ocean, whereas they bend toward the north over eastern Europe.

Select the correct answer from the given code.

(A) Only 1 is correct

(B) Only 2 is correct

(C) Both 1 and 2 are correct

(D) Both 1 and 2 are not correct

44. Which of the following statements regarding air pressure is **not** correct ?

(A) The atmospheric pressure is always used in relative terms not absolute terms

(B) The highest air pressure in the world was recorded at Agata in Siberia

(C) In the southern hemisphere, South of Africa and Australia the air pressure lines are parallel to the latitude lines

(D) The atmospheric pressure is minimum at sea level

[ P.T.O.

45. **अभिकथन (A)** : उत्तरी अटलांटिक महासागर में ग्रीनलैण्ड एवं आइसलैंड के आसपास वर्षभर कम तापमान के बाद भी न्यून वायुदाब बना रहता है ।

**कारण (R)** : यह न्यून वायुदाब तापजन्य परिस्थितियों के कारण होता है ।

दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए ।

(A) दोनों (A) और (R) सही है तथा (A) की (R) सही व्याख्या है

(B) दोनों (A) और (R) सही हैं किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है

(C) (A) सही है लेकिन (R) सही नहीं है

(D) (A) तथा (R) दोनों सही नहीं हैं

46. व्हिटलसी ने विश्व में कृषि क्षेत्रों को वर्गीकृत करने के लिए कितने मानदंडों का उपयोग किया ?

(A) 4

(B) 3

(C) 6

(D) 5

47. फसल संयोजन क्षेत्रों को चित्रित करने की निम्नलिखित विधियों को उसके प्रतिपादित वर्ष के अनुसार पुराने से नये तक व्यवस्थित कीजिये ।

1. जे. टी. कॉपॉक की विधि
2. पीटर स्कॉट, थामस की विधि
3. दोई की विधि
4. जे. सी. वीवर की विधि

(A) 4, 3, 2, 1

(B) 4, 3, 1, 2

(C) 4, 1, 2, 3

(D) 4, 2, 1, 3

48. वान थुनेन द्वारा प्रस्तावित निम्नलिखित कृषि पेटियों को केन्द्रीय नगर से परिधि तक व्यवस्थित करें ।

a. पड़त रहित गहन अनाज की खेती

b. बागवानी एवं दुग्धोत्पादन

c. तीन खेत प्रणाली

d. पशुपालन

(A) b a c d

(B) b c a d

(C) a b d c

(D) d a c b

49. सबसे अधिक तेल भंडार वाले निम्नलिखित देशों को उच्चतम से निम्नतम श्रेणी के आधार पर व्यवस्थित करें ।

(A) वेनेजुएला, सऊदी अरब, कनाडा, ईरान

(B) सऊदी अरब, ईरान, कनाडा, वेनेजुएला

(C) सऊदी अरब, कनाडा, ईरान, वेनेजुएला

(D) वेनेजुएला, ईरान, सऊदी अरब, कनाडा

50. झारखंड में स्थित राखा प्रोजेक्ट निम्नलिखित में से किस खनिज से संबंधित है ?

(A) अल्यूमिनियम

(B) सीसा

(C) लौह

(D) ताँबा

51. इनमें से कौन-सी संकल्पना जेम्स हटन से सम्बन्धित **नहीं** है ?

(A) एकरूपतावाद की संकल्पना

(B) वर्तमान भूत की कुंजी है

(C) न आदि का पता है और न अंत का भविष्य

(D) विपत्तिवाद की अवधारणा

45. **Assertion (A)** : Despite low temperatures year-round, low pressure persists in the north Atlantic ocean around greenland and Iceland.

**Reason (R)** : This low pressure is due to thermally induced conditions.

Select correct answer from given code :

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)

(B) Both (A) and (R) are correct but (R) is not correct explanation of (A)

(C) (A) is correct, but (R) is not correct

(D) Both (A) and (R) are not correct

46. How many criteria were employed by Whittlesey to classify agricultural regions in the world ?

(A) 4

(B) 3

(C) 6

(D) 5

47. Arrange the following methods of delineating crop combination regions according to the year, it had been proposed from earliest to the recent.

1. J. T. Coppock's method
2. Peter Scot, Thomos's method
3. Doi's method
4. J. C. Weaver's method

(A) 4, 3, 2, 1

(B) 4, 3, 1, 2

(C) 4, 1, 2, 3

(D) 4, 2, 1, 3

48. Arrange the following agricultural belts, which are propounded by Von Thunen the central city to the periphery ?

a. Intensive grain farming without fallow

b. Horticulture and milk production

c. Three field system

d. Livestock farming

(A) b a c d

(B) b c a d

(C) a b d c

(D) d a c b

49. Arrange the following countries based on highest to lowest rank with most oil reserve.

(A) Venezuela, Saudi Arabia, Canada, Iran

(B) Saudi Arabia, Iran, Canada, Venezuela

(C) Saudi Arabia, Canada, Iran, Venezuela

(D) Venezuela, Iran, Saudi Arabia, Canada

50. The Rakha Project located in Jharkhand is related to which of the following mineral ?

(A) Aluminium

(B) Lead

(C) Iron

(D) Copper

51. Which of the following concepts is **not** related to James Hutton ?

(A) Principle of uniformitarianism

(B) Present is the key to the past

(C) No vestige of the beginning and no prospect of an end

(D) Concept of catastrophism

52. निम्नलिखित में से किसने आधार तल शब्द शुरू किया था ?
(A) जे. डब्ल्यू. पॉवेल
(B) जॉन प्लेफेयर
(C) चार्ल्स ल्येल
(D) जेम्स हार्टन

53. गतिक संतुलन की संकल्पना सर्वप्रथम किसने प्रस्तुत की थी ?
(A) जी. के. गिलबर्ट
(B) डब्ल्यू. एम. डेविस
(C) अल्बर्ट पेंक
(D) वॉल्टर पेंक

54. 1. नति के साथ समकोण बनाने वाली रेखा को उस झुके हुए स्तर पर नतिलम्ब कहते हैं ।
2. जब एक वृहद अपनति के अन्तर्गत कई छोटी छोटी अपनतियाँ और अभिनतियाँ मिलती हैं तो उस आकृति को समपनति कहा जाता है ।
दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए ।
(A) केवल 1 सही है
(B) केवल 2 सही है
(C) दोनों 1 एवं 2 सही हैं
(D) दोनों 1 एवं 2 सही नहीं हैं

55. 1. कुछ विद्वान भ्रंश घाटियों का निर्माण सम्पीड़नात्मक बलों द्वारा मानते हैं ।
2. बलार्ड के अनुसार भ्रंश घाटी का निर्माण क्रमिक अवस्थाओं में होता है ।
3. अल्बर्ट झील भ्रंश घाटी का एक उदाहरण है ।
दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनें
(A) केवल 1 एवं 2 सही हैं
(B) केवल 1 एवं 3 सही हैं
(C) केवल 2 एवं 3 सही हैं
(D) सभी 1, 2 एवं 3 सही हैं

56. ग्रामीण शहरी उपांत (fringe) का अर्थ
(A) किसी शहर का केन्द्रीय व्यावसायिक क्षेत्र
(B) शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच असंततता(संक्रमणकालीन क्षेत्र) का सीमान्त भाग
(C) अत्यधिक आबादी वाला आवासीय क्षेत्र
(D) शहर के भीतर एक औद्योगिक क्षेत्र

57. प्रधान नगर (प्राइमेट सिटी) का नियम किसने प्रतिपादित किया ?
(A) मार्क जेफरसन
(B) कार्ल सॉयर
(C) विडाल डी ला ब्लाश
(D) जी. के. ज़िप्फ RSR

58. क्रिस्टालर के सिद्धान्त में पदानुक्रम को प्रभावित करने वाले दो मुख्य तत्व
(A) परिवहन और आर्थिक विशिष्ट तत्व
(B) सीमान्त जनसंख्या और वस्तुओं की सीमा
(C) समूहन और स्थानीयकरण
(D) मांग और आपूर्ति

59. लॉश के केन्द्रीय स्थल सिद्धांत के सम्बन्ध में कौन-सा कथन सही **नहीं** है ?
(A) क्रिस्टालर की तरह षट्कोणीय इकाइयों का प्रयोग किया है
(B) 'क' का मान स्थिर रहता है
(C) 'क' का मान घटता-बढता रहता है
(D) लॉश ने 'द इकोनोमिक्स ऑफ लोकेशन' ग्रन्थ में केन्द्रीय स्थल सिद्धान्त तथा इनके बाजार क्षेत्रों के बारे में प्रतिपादन किया था

52. Who among the following introduced the term base level ?
(A) J.W. Powell
(B) John Playfair
(C) Charles Lyell
(D) James Horton

53. Who first introduced the concept of dynamic equilibrium ?
(A) G.K. Gilbert
(B) W.M. Davis
(C) Albert Penk
(D) Walter Penk

54. 1. The line making right angle with the dip is called the strike to the inclined plane.
2. When there are a series of minor anticlines and synclines within one extensive anticline, then that shape is called an anticlinorium.

Select the correct answer using the code given below.
(A) Only 1 is correct
(B) Only 2 is correct
(C) Both 1 and 2 are correct
(D) Both 1 and 2 are not correct

55. 1. Some scientists believe that rift valleys are created by compressional forces.
2. According to Ballard, rift valleys are created in gradual stages.
3. Albert lake is an example of rift valley.

Select the correct answer using the code given below.
(A) Only 1 and 2 are correct
(B) Only 1 and 3 are correct
(C) Only 2 and 3 are correct
(D) All 1, 2 and 3 are correct

56. The rural urban fringe means
(A) The central business district of a city
(B) The frontier of discontinuity (transitional zone) between the urban and rural areas
(C) A highly populated residential area
(D) An industrial zone within the city

57. Who propounded the Law of the Primate City ?
(A) Mark Jefferson
(B) Carl Sauer
(C) Vidal de la Blache
(D) G. K. Zipf

58. The two main principles that influence the hierarchy in Christaller's theory
(A) Transport and Economic special Principles
(B) Threshold Population and Range of Goods
(C) Agglomeration and Localization
(D) Demand and Supply

59. Which statement is **not** correct regarding Losch's Central Place Theory ?
(A) Hexagonal unit used like Christaller
(B) The value of 'K' remains constant
(C) The value of 'K' keeps increasing and decreasing
(D) Losch described the central place theory and its market areas in his book 'The Economics of Location'

60. मध्य गंगा घाटी की बस्तियों का पदानुक्रम निर्धारण निम्नलिखित में से किस विद्वान ने किया था ?

(A) प्रो. जगदीश सिंह

(B) एस. सी. बंसल

(C) प्रो. काशीनाथ सिंह

(D) एस. एल. भट्ट

61. **कथन I** : हेमेटाइट लौह अयस्क लाल या मूंगा लाल रंग वाला विशाल और कठोर ठोस अयस्क के रूप में होता है ।

**कथन II** : अधिकांश हेमेटाइट लौह अयस्क धारवाड़ और कडप्पा चट्टान प्रणाली में पाया जाता है ।

(A) दोनों कथन I और II सत्य हैं और कथन II कथन I की सही व्याख्या है

(B) दोनों कथन I और II सत्य और कथन II कथन I की सही व्याख्या नहीं है

(C) कथन I सत्य है और कथन II असत्य है

(D) कथन I असत्य है और कथन II सत्य है

62. निम्न में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है ?

(A) सुन्दरबन से ज्वारीय ऊर्जा प्राप्त की जाती है

(B) पवन ऊर्जा के लिये कच्छ में लाम्बा संयत्र प्रमुख है

(C) तमिलनाडु के तूतिकोरिन संयत्र सौर्य ऊर्जा प्रदान करता है

(D) भू-तापीय ऊर्जा प्राप्त करने हेतु संयत्र लद्दाख में पूजाघाटी में स्थापित किया गया

63. भारत में प्रथम सफल लोहा-इस्पात का कारखाना कहाँ स्थापित किया गया था ?

(A) कुल्टी

(B) जमशेदपुर

(C) भद्रावती

(D) राउरकेला

64. भारत में पहली सफल सूती कपड़ा मिल कहाँ स्थापित की गई थी ?

(A) कोलकत्ता

(B) मुम्बई

(C) अहमदाबाद

(D) कोल्हापुर

65. निम्नलिखित में से कौन-सा भारत का प्रमुख औद्योगिक प्रदेश **नहीं** है ?

(A) कोलकत्ता - हुगली

(B) नागपुर - वर्धा

(C) अहमदाबाद - वडोदरा

(D) मदुरै - कोयम्बटूर - बैंगलूरू

66. हिन्द महासागर के भू-राजनैतिक महत्व के सम्बन्ध में कुछ कथन दिए गए है ।

1. हिन्द महासागर के देश खनिज तेल सहित खनिज सम्पदा के भण्डार गृह हैं ।
2. हिन्द महासागर संकीर्ण जलडमरुमध्य के माध्यम से पश्चिम व पूर्व से पारगम्य है ।
3. हिन्द महासागर में सीमित आउटलेट हैं, इनको नियंत्रित करके इसे कभी भी रोका जा सकता है ।
4. अमरिका डियागो गार्सिया द्वीप से सम्पूर्ण क्षेत्र को नियंत्रित करता है ।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए ।

(A) केवल 1, 2 एवं 3 सही हैं

(B) केवल 1, 2 एवं 4 सही हैं

(C) केवल 2, 3 एवं 4 सही हैं

(D) सभी 1, 2, 3 एवं 4 सही हैं

67. निम्नलिखित में से कौन नियोजन प्रदेश की विशेषता **नहीं** है ?

(A) इसकी सीमाओं का लचीलापन

(B) प्रादेशिक चेतना

(C) सन्निहितता और अविरलता

(D) प्राकृतिक सामंजस्य का अभाव

60. Which of the following Scholars has determined the hierarchy of settlements of middle Ganga Valley ?
(A) Prof. Jagdish Singh
(B) S. C. Bansal
(C) Prof. Kashinath Singh
(D) S. L. Bhatt

61. **Statement I** : Haematite Iron ore occurs as massive and hard compact ore having reddish or coral red colour.
**Statement II** : Most of the Haematite iron ore is found in Dharwar and Cuddapah Rock systems.
(A) Both statements I and II are true and statement II is the correct explanation to Statement I
(B) Both the statement I and II are true and statement II is not the correct explanation to statement I
(C) Statement I is true and Statement II is false
(D) Statement I is false and Statement II is true

62. Which of the following statement is **not** correct ?
(A) Tidal energy is obtained from Sundarban
(B) 'Lamba' plant in Kutch is prominent for wind energy
(C) 'Tuticorin' plant in Tamil Nadu provides solar energy
(D) A plant to obtain geothermal energy was set up in Pooja Ghati of Ladakh

63. Where was the first successful iron and steel factory established in India ?
(A) Kulti
(B) Jamshedpur
(C) Bhadrawati
(D) Rourkela

64. Where was the first successful cotton textile mill set up in India ?
(A) Kolkatta
(B) Mumbai
(C) Ahmedabad
(D) Kolhapur

65. Which of the following is **not** a major industrial region of India ?
(A) Kolkata – Hugli
(B) Nagpur – Vardha
(C) Ahmedabad – Vadodara
(D) Madurai –Coimbatore – Bengaluru

66. Some statements are given about the geo-political significance of the Indian Ocean.
1. The countries of Indian Ocean are rich store houses of mineral wealth including mineral oil.
2. The Indian Ocean is accessible from the West and the East only through narrow straits.
3. Indian Ocean has limited outlets, by controlling these it can be blocked at any time.
4. America controls the entire region from Diego Garcia Island.

Choose the correct answer from the code given below :
(A) Only 1, 2 and 3 are correct
(B) Only 1, 2 and 4 are correct
(C) Only 2, 3 and 4 are correct
(D) All 1, 2, 3 and 4 are correct

67. Which of the following is **not** a characteristic of a planning region ?
(A) Flexibility of its boundaries
(B) Regional consciousness
(C) Contiguity and compactness
(D) Absence of natural cohesion

**68.** प्रादेशिक सीमांकन के लिए दूरी–न्यूनतमीकरण विधि का प्रयोग इनमें से किसने किया था ?

(A) ज़ोबलर (1958)

(B) नयस्टुयन (1961)

(C) यीट्स (1963)

(D) कोपेक (1963)

**69.** निम्नलिखित में से किसे प्राच्य–सांस्कृतिक प्रदेश भी कहा जाता है ?

(A) आफ्रीकी सांस्कृतिक प्रदेश

(B) अमेरिकी सांस्कृतिक प्रदेश

(C) यूरोपीय सांस्कृतिक प्रदेश

(D) दक्षिणी एशियाई सांस्कृतिक प्रदेश

**70.** विकास के स्तर के आंकलन के लिए इनमें से कौन–सा/से उपागम सही है/हैं ?

(A) स्थानिक उपागम

(B) मॉडल उपागम

(C) संकल्पनात्मक उपागम

(D) उपर्युक्त सभी

**71.** निम्नलिखित का मिलान कीजिये ।

| **List – I (देश)** | **List – II (लौहस्पात उद्योग केन्द्र)** |
|---|---|
| a. यूनाइटेड किंगडम | 1. डॉर्टमुंड |
| b. रूस | 2. पिट्सबर्ग |
| c. जर्मनी | 3. पोर्ट टॉलबोट |
| d. संयुक्त राज्य अमेरिका | 4. लिपेटस्क |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (B) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (C) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (D) | 2 | 1 | 4 | 3 |

**72.** निम्नलिखित में से कौन–सा सुंयक्त राज्य अमेरिका का प्रमुख इस्पात उत्पादक क्षेत्र है ?

(A) पिट्सबर्ग–यंग्सटाउन क्षेत्र

(B) ओसाका कोबे क्षेत्र

(C) होकैडो क्षेत्र

(D) डोनबास क्षेत्र

**73.** श्रम की असीमित आपूर्ति के साथ आर्थिक विकास (1954), का कार्य विवरण किसका है ?

(A) ई. एम. हूवर

(B) वी. वालकेनबर्ग

(C) ओलोफ जोनासन

(D) डब्ल्यू. ए. लुईस

**74.** विश्व का व्यस्ततम समुद्रीय जलमार्ग है

(A) प्रशान्त महासागरीय जलमार्ग

(B) उत्तमाशा अन्तरीय जलमार्ग

(C) उत्तरीय अटलांटिक जलमार्ग

(D) दक्षिणी अटलांटिक जलमार्ग

**75.** लिंक की संख्या और नोड्स की संख्या के बीच का अनुपात क्या है ?

(A) अल्फा इंडेक्स

(B) बीटा इंडेक्स

(C) गामा इंडेक्स

(D) एटा इंडेक्स

**76.** आदर्शवाद के सम्बन्ध में दिए गए कथनों का अवलोकन कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए ।

1. आदर्शवादी विचारक वास्तविकता को मानसिक विचार मानते हैं ।
2. यह प्रगतिवाद और भौतिकवाद का विरोधी विचार है ।
3. यह भौतिक वस्तुओं द्वारा नियंत्रित सोच है ।
4. मस्तिष्क में रचे–बसे विचार ही आदर्श हैं, वही वास्तविकता है ।

**कूट :**

(A) केवल 1, 2 एवं 3 सही हैं

(B) केवल 1, 3 एवं 4 सही हैं

(C) केवल 1, 2 एवं 4 सही हैं

(D) सभी 1, 2, 3 एवं 4 सही हैं

**77.** आधुनिक भूगोल में "क्षेत्रीय विभेदन" की अवधारणा निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित है ?

(A) आर. मिन्शुल

(B) बी. जे. एल. बेरी

(C) रिचर्ड हार्टशोर्न

(D) डी. हार्वे

68. Who among the following had used distance-minimization method for regional delineation ?
(A) Zobler (1958)
(B) Nystuen (1961)
(C) Yeates (1963)
(D) Kopec (1963)

69. Which of the following is also called Oriental cultural region ?
(A) African Cultural region
(B) American Cultural region
(C) European Cultural region
(D) South Asian Cultural region

70. Which of the following approaches is/are correct for assessing the level of development ?
(A) Spatial approach
(B) Model approach
(C) Conceptual approach
(D) All the above

71. Match the following.

| List – I (Country) | | List – II (Iron-Steel Industrial Centers) |
|---|---|---|
| a. United Kingdom | 1. | Durtmund |
| b. Russia | 2. | Pittsburgh |
| c. Germany | 3. | Port Talbot |
| d. United State of America | 4. | Lipetsk |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (B) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (C) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (D) | 2 | 1 | 4 | 3 |

72. Which of the following is the major steel producing region of United States of America ?
(A) Pittsburgh-Youngstoun region
(B) Osaka Kobe region
(C) Hokkaido region
(D) Donbass region

73. Whose work description is "Economic Development with Unlimited Supplies of Labour (1954)" ?
(A) E. M. Hoovor
(B) V. Valkenburg
(C) Olof Jonasson
(D) W. A. Lewis

74. World's busiest sea route is
(A) Pacific Ocean route
(B) Cape of Good Hope route
(C) North Atlantic sea route
(D) South Atlantic sea route

75. The ratio between number of links and the number of nodes is
(A) Alpha Index
(B) Beta Index
(C) Gamma Index
(D) Eta Index

76. Observe the statements given about the idealism and choose the correct answer from the code given below.
1. Idealist thinkers consider reality to be a mental idea.
2. This is an opposing idea to progressivism and materialism.
3. This thought is controlled by material things.
4. The thought created in the mind are ideal and that is the reality.

**Code :**
(A) Only 1, 2 and 3 are correct
(B) Only 1, 3 and 4 are correct
(C) Only 1, 2 and 4 are correct
(D) All 1, 2, 3 and 4 are correct

77. In modern geography the concept of "Areal Differentiation" is related to which of the following ?
(A) R. Minshul
(B) B. J. L. Berry
(C) Richard Hartshorne
(D) D. Harvey

**78.** विडाल डे ला ब्लॉश के सम्बन्ध में कौन-सा कथन सही **नहीं** है ?

(A) ब्लॉश रैटज़ेल के समकालीन थे

(B) फ्रांस में आधुनिक भूगोल के विकास का श्रेय ब्लॉश को ही दिया जाता है

(C) ब्लॉश संभववाद की अवधारणा के समर्थक थे

(D) ब्लॉश भूगोल के प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक तत्वों के बीच द्वैतवाद का समर्थन करते थे

**79.** सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए ।

| **सूची – I (कृतियों के नाम)** | **सूची – II (लेखक)** |
|---|---|
| a. ए हिस्ट्री ऑफ एन्सिएंट ज्योग्राफी | 1. रिचार्ड हार्टशोर्न |
| b. द मेकर्स ऑफ मॉडर्न ज्योग्राफी | 2. एलेन चर्चिल सेम्पल |
| c. द नेचर ऑफ ज्योग्राफी | 3. ई. एच. बनबरी |
| d. इन्फ्लुएंसेस ऑफ ज्योग्राफिक इन्वीरॉनमेंट | 4. आर. ई. डिकिन्सन |

**कूट :**

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (B) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (C) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (D) | 2 | 1 | 4 | 3 |

**80.** कौन-से अमेरिकन भूगोलवेत्ता ने "द पल्स ऑफ एशिया" लिखी ?

(A) आर. डी. सेलिसबरी

(B) एल्सवर्थ हंटिंगटन

(C) कार्ल ओ. सॉयर

(D) मार्क जेफ़रसन

**81.** मध्यप्रदेश में स्थित महान एलुमीनियम प्लांट के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथन को पढ़िए ।

1. यह सीधी जिले के बरगंवां के निकट स्थित है ।
2. यह एक एकीकृत एलूमीनियम स्मेल्टिंग प्लांट है ।
3. स्मेल्टिंग के लिए फ्रांसीसी तकनीक का उपयोग किया जाता है ।
4. इसके साथ 900 मेगावाट का पावर प्लांट भी शामिल है ।

नीचे दिए कूट से सही उत्तर चुनिए ।

(A) 1, 2 तथा 3 सही हैं

(B) 1, 2 तथा 4 सही हैं

(C) 2, 3 तथा 4 सही हैं

(D) सभी 1, 2, 3 तथा 4 सही हैं

**82.** ओरिएंट पेपर मिल, अमलई में मुख्यत: किस प्रकार का कागज बनाया जाता है ?

(A) अखबारी कागज

(B) पैकिंग का कागज

(C) छपाई-लिखाई का कागज

(D) आर्ट पेपर

